e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)– 01/2022 ..859... **पटना, दिनांक** :05-04-2022

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधेपुरा के पत्रांक– 50 दिनांक 29.01.2022 एवं पत्रांक– 108 दिनांक 22.02.2022 के द्वारा **श्री प्रेम प्रकाश,** विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (ID No.-SKN04486) के विरूद्ध अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण भू–सर्वेक्षण कार्यों के प्रभावी रहने का आरोप लगाते हुए संविदा अनुबंध रद्द करने की अनुशंसा की गई है।

उक्त संसूचित अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक– 583 दिनांक 10.03.2022 द्वारा श्री प्रेम प्रकाश, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के विरूद्ध तीन (03) दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। श्री प्रकाश के द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित तिथि एवं समय पर समर्पित किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गई, समीक्षोपरांत पाया गया कि इनका स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं है। इनके द्वारा अपनी अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं कार्य प्रभावित होने के आरोप के संबंध में कोई उत्तर न देते हुए त्याग पत्र देने की बात अपने स्पष्टीकरण में अंकित किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि उक्त कर्मी को अपने संविदा नियोजन एवं सरकारी दायित्वों के प्रति कोई रूचि नहीं है। इनके द्वारा की गई कृत्य कर्तव्यहीनता एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसके लिए योजना की अवधि निर्धारित है। इनके इस तरह के कृत्य से भू–सर्वेक्षण कार्य पर कुप्रभाव की दृष्टिगत रखते हुए इनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए इनका त्याग पत्र स्वीकृत किया जाना उचित नहीं है।

अतएव **''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली–2019''** के नियम 8(4) के तहत अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण **श्री प्रेम प्रकाश,** विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (ID No.-SKN04486) का संविदा अनुबंध रद्द किया जाता है।

5/4/22
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)– 01/2022 ..859... **पटना, दिनांक** :05-04-2022

प्रतिलिपि :– बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधेपुरा को उनके पत्रांक– 108/बन्दो0 दिनांक 22.02.2022 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)– 01/2022 ..859... **पटना, दिनांक** :05-04-2022

प्रतिलिपि :– श्री प्रेम प्रकाश, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (ID No.-SKN04486) बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा, E-mail : prem08me41@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)– 01/2022 ..859... **पटना, दिनांक** :05-04-2022

प्रतिलिपि :– प्रभारी आई0 टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं निदेशालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5/4/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप